समाचार

# पी.एम.ए.वाई. शासन की महत्वपूर्ण व फ्लेगशिप योजना, योजना के कार्यो में कोताही स्वीकार्य नहीं – आयुक्त

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित निगम के विकास व निर्माण कार्यो, राजस्व वसूली, भवन निर्माण अनुमति, अतिक्रमण व अवैध निर्माण सहित विविध कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की )




कोरबा 13 नवम्बर 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की अतिमहत्वपूर्ण व फ्लेगशिप योजना है, अतः योजना से जुड़े कार्यो में धीमी कार्यप्रगति कतई स्वीकार्य नहीं होगी, अतः कार्य प्रगति में तेजी लाएं, जिन आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें प्रारंभ कराएं तथा निर्माणाधीन आवासगृहों की कार्यप्रगति में तेजी लाकर समयसीमा में निर्माण कार्य पूरा करवाएं। उन्होने कहा कि सभी जोन कमिश्नर व्यक्तिगत रूचि लेकर अपने–अपने क्षेत्र में साईट विजिट करें, हितग्राहियों से चर्चा करें तथा आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ करने तथा समयसीमा में निर्माण को पूरा करने हेतु उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करें।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारियों, जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना सहित निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो, भवन निर्माण अनुमति, राजस्व वसूली, अवैध निर्माण व अतिक्रमण सहित विविध कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की कार्यप्रगति पर विशेष रूप से फोकस करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आवासगृहों के निर्माण से जुड़े विभिन्न चरणों के कार्यो में अपेक्षित तेजी लाएं, जिन आवासगृहों का निर्माण हितग्राहियों द्वारा प्रारंभ नहीं किया गया है, ऐसे हितग्राहियों को प्रेरित व प्रोत्साहित करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करवाएं, साथ ही फाउंडेशन, लेंटल व रूफ लेबल आदि तक पहुंचे आवासगृहों के निर्माण कार्यो में अपेक्षित तेजी लाकर निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने योजना के ए.एच.पी.घटक अंतर्गत निर्मित आवासगृहों के आबंटन की

स्थिति की समीक्षा की तथा आबंटित आवासगृहों में हितग्राहियों की शिफ्टिंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**बिना अनुमति निर्माण पर करें कार्यवाही** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने भवन निर्माण अनुमति से जुड़े कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन निर्माण अनुमति हेतु प्राप्त आवेदनों व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र में सामान्य सर्वे कराएं तथा यह देखें कि कहॉ–कहॉ पर बिना अनुमति के निर्माण हो रहा है, बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण की जोनवार सूची बनाएं, संबंधितों को नोटिस जारी करें तथा नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

**राजस्व वसूली में तेजी लाएं** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम की राजस्व वसूली से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, भवन दुकान किराया सहित अन्य करों की वसूली की वर्तमान कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लाई जाए तथा समयसीमा में प्रदत्त लक्ष्य को पूरा किया जाए। उन्होने बड़े बकायादारों की सूची तैयार करने तथा बकायाकरों की वसूली हेतु नियमों के तहत विशेष कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, वित्त आयोग मद, सांसद मद, विधायक मद, प्रभारी मंत्री मद, निगम मद, पार्षद मद सहित विभिन्न मदों के अंतर्गत स्वीकृत, प्रगतिरत विकास कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की जोनवार व वार्डवार समीक्षा करते हुए कार्यप्रगति में तेजी लाने, स्वीकृत कार्यो की निविदा की कार्यवाही समयसीमा में पूरी करने, नवीन कार्यो को प्रारंभ कराने तथा प्रगतिरत कार्यो को पूरी गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूरा करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त नीरज कौशिक व बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, राकेश मसीह, सुनील टांडे, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, आकाश अग्रवाल, लीलाधर पटेल, यशवंत जोगी, विपिन मिश्रा, मोतीलाल बरेठ, सुशील सोनी, रमेश सूर्यवंशी, विनोद गोंड़, किरण साहू, आदि के साथ पी.एम.ए.वाई.के सी.एल.टी.सी., पी.एम.सी. आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।